# कक्षा 12वीं के 1771 बच्चों ने दी परीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 162 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत् मॉनीटरिंग कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है।

गुरूवार 20 मार्च को 37 परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 12वीं के सोशियोलॉजी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 12वीं में 1830 दर्ज विद्यार्थियों में से 1771 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 59 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 01 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुआ जिसके लिये 01 राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 05 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 26 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ।



## सोशियोलॉजी के पेपर में 59 बच्चे अनुपस्थित

जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिये विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये जाकर सभी 37 परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग की गई।

परीक्षा में पारदर्शिता रखने एवं नकल की दुष्प्रवृत्ति को रोकने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्थापित प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के दलों द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के दलों द्वारा निरीक्षण किया गया।

उल्लेखनीय है कि जहां एक ओर परीक्षाऐं चल रही है तो वहीं होली के बाद से लेकर शासन प्रशासन के मना करने के बावजूद डी जे और साउंड बॉक्सों का इतना धमाल चला कि बच्चें परेशान होते रहे और किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। रंग पंचमी का प्रचार वाहन तो इतना अधिक चला कि बच्चों का पढ़ना मुश्किल हो गया था। लेकिन यह समाज है बैठकों में निर्णय लेता है, कागजों में मिनिट्स लिखे जाते है लेकिन सच्चाई यही है कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार का नुमाईंदा कोई नहीं होता वह पढ़े या न पढ़े, डी जे बंद हो या न हो बजाने वाले को तो बजाना है

# उपार्जन केंद्रों के अधिकारियों का जिलास्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर छिंदवाडा शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एवं अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे की उपस्थिति में कल 20 मार्च 2025 को चना, मसूर एवं सरसो के समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु जिला स्तरीय समिति के सदस्य के समक्ष भारत सरकार द्वारा अधिकृत उपार्जन एजेंसी नाफेड संस्था द्वारा जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों के समिति प्रबंधक, सर्वेयर, वेयर हाउसिंग प्रतिनिधि एवं नोडल / सहायक अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उसमें नाफेड चना, मसूर एवं सरसो की एफएक्यू गुणवत्ता मापदंड का प्रशिक्षण दिया गया एवं लाईव प्रदर्शन कर दिखाया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला उपार्जन समिति के समस्त सदस्य जितेन्द्र कुमार सिंह उप संचालक कृषि, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित ए.के. जैन, जिला विपणन अधिकारी शिखा सरेयाम, जिला प्रबंधक वेयर हाउसिंग मंजू चौरे, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक नॉन सहित सभी विकासखंडो के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## आज होगी महिला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस के अनुसांगिक संगठन महिला कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन दिनांक 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को आयोजित की गई है। आयोजित बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करने के साथ ही भाजपा सरकार की महिला विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी दिवसों में किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन व आंदोलनों को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी।



जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को छिन्दवाड़ा जिला महिला कांग्रेस की समस्त महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में दोपहर 01 बजे आहुत की गई है। बैठक को महिला कांग्रेस की प्रभारी मंजू बैस की उपस्थिति में सम्पन्न होगी। उन्होंने महिला कांग्रेस की समस्त ब्लॉक अध्यक्षों को बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित किया है।

## बंजारी माता मंदिर सवरनी से मुंगनापार षष्ठी माता मंदिर तक निकालेंगे चुनरी यात्रा : संदीप



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जन अधिकार सेवा समिति चौरई द्वारा आगामी 30 मार्च से 5 अप्रैल 2025 तक बंजारी माता मंदिर सवरनी मुंगनापार से षष्ठी माता मंदिर तक लगभग 108 कि.मी. की विशाल चुनरी पदयात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी आज समिति के अध्यक्ष संदीप रघुवंशी ने होटल रायल पैलेस छिंदवाड़ा में आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए कही।

## 21 युवाओं का हुआ चयन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गोबिन्द सिंह एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित गुरू रामदास खालसा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, बी.ई./डिप्लोमा बरेला, जबलपुर द्वारा ओपन केम्पस ड्राइव 2025 में आमधानी ग्रुप हैदराबाद के द्वारा ओपन कैंपस का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर, सिवनी, छिंन्दवाडा के विभिन्न शासकीय एवं अर्ध शासकीय महाविद्यालयों के 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 21 विद्यार्थियों को विभिन्न कम्पनियों में जिसमें एमआरएफ, अपोलो टायर, यश इंडस्ट्रीज, जेट टाउन, लेंसकार्ड और संजीव ऑटो मेन्युफ्यूरिंग लिमिटेड, पूना के द्वारा विद्यार्थियों का चयन किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह बसंल, सचिव सरदार जितेन्दर सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष सरदार तजेन्दर सिंह घुल्डु तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राज मेहता, बी.ई. प्राचार्या डॉ. यशमीत कौर रील (पॉलिटेक्निक) के द्वारा चयनित समस्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी बने अनिकेत आशीष त्रिपाठी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग में नवनियुक्तियां की गई है। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपकर कांग्रेस की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही भाजपा सरकार के जनविरोधी, युवा विरोधी, महिला विरोधी व किसान विरोधी नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है।

प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के नवनियुक्त पदाधिकारियों की जारी सूची में छिन्दवाड़ा से अनिकेत आशीष त्रिपाठी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके पूर्व अनिकेत त्रिपाठी सोशल मीडिया विभाग छिन्दवाड़ा जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उनकी कार्य के प्रति लगन व कर्तव्यनिष्ठता को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव, आशीष त्रिपाठी, आशुतोष श्रीवास्तव, शैलू उर्फ शैलेन्द्र सेंगर, धीरज सूर्यवंशी सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारियों ने नियुक्ति पर बधाई दी। श्री त्रिपाठी ने अपनी नियुक्ति पर सभी वरिष्ठों, कनिष्ठों के साथ साथ जिले के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ का आभार व्यक्त किया है।

# महिला सम्मान समारोह में पहुंचीं पूर्व राज्यपाल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा कि संवेदना के साथ जो व्यक्ति शोषित, पीहड़त, गरीब और जरूरतमंद की मदद करता है, उनकी समस्याओं का समाधान करता है, उसे समाज और राष्ट्र से सम्मान मिलता है एवं जिलेवासी तथा आप सभी वरिष्ठजनों के स्नेह एवं आशीर्वाद से मैंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पीड़ितों, गरीबों और शोषितों की मदद किया है। आपका यह स्नेह एवं आशीर्वाद सदैव बना रहे, मैं अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक समाज एवं राष्ट्र की सेवा करती रहूंगी।




पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने नागरिक सुविधा केंद्र छिंदवाड़ा में वरिष्ठ नागरिक महामंच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंग पंचमी के परिपेक्ष्य में आयोजित महिला सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके का शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया तथा पुष्पगुच्छ ओर पुष्पमालाओ से भी आत्मीय स्वागत किया गया।

पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक महामंच का कार्य बहुत अच्छा है सभी वरिष्ठ नागरिको के अनुभव का लाभ भावी पीढ़ी को मिलना चाहिए, आप लोग वर्तमान आधुनिक टेक्नोलॉजी के युग में भावी पीढ़ी में अच्छे संस्कार और आचार विचार पैदा करने के लिए कार्य करें। एक दूसरे की मदद करे और एक दूसरे के परिवार के बच्चों को शिक्षा देकर और उन्हें अच्छे विचारों से समृद्ध करें।

उन्होंने सभी नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य ओर दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि सबसे बड़ी चीज है लोगों को आत्म संतुष्टि और आनंद मिलना चाहिए। इस दिशा में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के अंदर काम करने की इच्छा और मदद करने की भावना होना चाहिए। इसी भावना के कारण मैं छत्तीसगढ़ राज्य के राजभवन को जनभवन में परिणित कर सकी इसी प्रकार मणिपुर राज्य में भी लोगों की मदद करने पर वहां के आम जनों ने मुझे मदर की उपाधि से विभूषित किया है उन्होंने सभी को शुभकामना देते हुए लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक महामंच के संस्थापक जयशंकर शुक्ला, अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ मिश्रा और उपाध्यक्ष कमला डेहरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अशोक मिश्रा ने और आभार प्रदर्शन तहसील इकाई सचिव प्रभाकर ठाकरे ने किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पिंक सिटी में प्लाट खरीदने वाले तरस रहे बिजली-पानी को



## सुविधाएं मांगने पर गाली देने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सस्ते आशियानों का सपना दिखाकर शहर के कॉलोनाइजर लोगों को लगातार ठग रहे है। ऐसा ही मामला आज कलेक्ट्रेट पहुंचा जब कॉलोनाइजर से परेशान होकर कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई। यहां कालोनाइजर ने जमीन बेचने से पहले सभी लुभावने वादे किए और सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया। जब सारे प्लॉट बिक गए तो अपने सारे वादों से मुकर गया और लोगों को अपने हाल पर छोड़ दिया, इतना ही नहीं लोगों के द्वारा सुविधाए मांगने पर अभद्रता तक करने लगा।**

कुंडालीकलां में पिंक सिटी कालोनी में प्लाट खरीदकर मकान बनाने व मकान खरीदने वाले कई परिवार यहां पर बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कालोनाइजर से कालोनी में सुविधाएं देने की बात करते हैं तो उल्टा गालियां खानी पड़ती हैं और कालोनाइजर अभद्रता भी करता है। इसकी शिकायत गुरूवार को कालोनीवासियों ने कलेक्ट्रेट आकर की और मामले में प्रशासनिक हस्तक्षेप का अनुरोध किया।

गुरूवार 20 मार्च को कलेक्ट्रेट पहुंचें मोहन कराड़े, सुनील ढाकरिया, नारायण बुनकर, सतनाम राजपूत, सुकेश सिंह परमार सहित अन्य लोगों ने अधिकारियों को की शिकायत में बताया कि हमारे द्वारा विगत् लगभग 5 वर्षों पूर्व कालोनाईजर विनोद कुमार सूर्यवंशी से उनके स्वामित्व की भूमि वाके मौजा कुंडालीकला ब.नं. 65, प.ह.नं. 25/43 रा.नि.म. उमरेठ तहसील उमरेठ जिला छिंदवाड़ा में स्थित जमीन खसरा नंबर 100/6 हेक्टेयर रकबा लगभग 3 एकड़ में निर्मित पिंक सिटी नामक कालोनी में सभी आवेदकगणों ने अलग-अलग प्लाट लिए थे।

### 5 साल बीते सुविधाएं शून्य

कालोनाईजर विनोद सूर्यवंशी द्वारा हमें भूखण्ड का विक्रय करते समय संपूर्ण मूलभूत सुविधायें जैसे बिजली, पानी, सड़क एवं अन्य समस्त सुविधायें उपलब्ध कराने का कहकर हमारे पक्ष में रजिस्ट्री की। आज लगभग 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी कालोनाईजर विनोद सूर्यवंशी द्वारा इस कालोनी में हमें किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधायें प्रदान नहीं की और कालोनाईजर द्वारा अभी तक अपने स्वयं के नाम से टी.सी. कनेक्शन लेकर विद्युत सप्लाई की गई परंतु विगत् 4 दिनों पूर्व हमारे निवास स्थान में न तो बिजली है और न ही पेयजल है।



### न बिजली, न सड़क और न पानी

वर्तमान में बच्चों की परीक्षायें प्रारंभ है। ऐसी स्थिति में बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधायें नहीं होने से हमें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और इन सभी ने बताया कि कालोनी में रोड भी नहीं है। कालोनाईजर द्वारा हमें भूखण्ड का विक्रय करते समय यह भी बोला था कि मैं स्वयं विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाकर दूंगा परंतु उसने आज 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी कालोनी में विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं लगवाया और अब उनका कहना है कि आप लोगों को अलग से विद्युत ट्रांसफार्मर लेना पड़ेगा नहीं तो अलग से टी.सी. कनेक्शन लो, जबकि उसने भूखण्ड विक्रय करते समय हमें समस्त प्रकार की मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने को कहा था। यह हमारे साथ की गई धोखाधड़ी है।

### कॉलोनाइजर करता है अभद्रता

कालोनीवासियों का कहना है कि कालोनाइजर विनोद सूर्यवंशी से जब भी इस विषय में बात की जाए तो वह अभद्रता करते हुए बात करते हैं। कालोनी में रह रहे लोगों का कहना है कि कालोनाईजर विनोद सूर्यवंशी द्वारा कुण्डालीकला में निर्मित पिंक सिटी नामक कालोनी में आवेदकगणों की मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखे जाने एवं बोले जाने पर आवेदकगणों के साथ गाली-गलौच एवं अभद्र व्यवहार करने के संबंध में शिकायत दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर हमें मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाई जाएं का कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया है।

## कांग्रेस सेवादल ने मनाया विश्व गौरेया दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल ने विश्व गौरैया दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया। कांग्रेस सेवादल कार्यालय में आयोजित हुई परिचर्चा में कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि एक समय था जब घर आंगन में गौरैया की चहचहाट और उछल कूद आम हुआ करती थीं। उनके झुंड के बीच कूदकर बच्चे खेला करते थे। लेकिन पिछले कुछ ही समय में देखते ही देखते मनुष्य से दूर होती जा रही गौरैया का अस्तित्व अब पूरी तरह से संकट में है। उन्होंने आगे कहा कि आज इनकी प्रजाति को बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है नहीं तो हम कल अपने नन्हें मुन्नों को केवल चित्र में दिखा सकेंगे।

आयोजित परिचर्चा में कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष राकेश मरकाम, बलराम चौहान, राजेश धुर्वे व देशराज बारस्कर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय लघु संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला स्तरीय लघु संवर्धन बोर्ड की बैठक कल 20 मार्च, गुरूवार को कलेक्टर शीलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न शासकीय सदस्य एवं उद्योगपति सुमेर सिंह नैय्यर अध्यक्ष लघु उद्योग भारती छिंदवाड़ा, मनीष विश्वकर्मा सचिव लघु उद्योग भारती, मुकेश नाथानी अध्यक्ष एसोसिएशन ऑफ लहगडुआ, राजेश जुनेजा सदस्य एसोसिएशन ऑफलहगडुआ एवं अन्य उद्योगपति शामिल हुए।

उद्योगपतियों द्वारा कलेक्टर के समक्ष औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा एवं लहगडुआ में अपनी समस्याओं जैसे जल आपूर्ति, कचरा संग्रहण, स्ट्रीट लाइट आदि से अवगत कराया गया। जिनके निराकरण के लिए कलेक्टर श्री सिंह ने जल निगम, नगर निगम छिंदवाड़ा तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं एवं समस्याओं के निराकारण के लिए उद्योगपतियों को आश्वासन दिया है। कलेक्टर श्री सिंह के प्रयासों से खजरी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण होने पर उद्योगपतियों ने आभार भी व्यक्त किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने औद्योगिक क्षेत्र लहगडुआ में जल निगम के माध्यम से पानी की समस्या के समाधान के लिए उद्योग विभाग को एस्टीमेट बनाकर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। एक सप्ताह के अंदर यहां की स्ट्रीट लाइट सुधरवाने और आगे गार्ड के माध्यम से स्ट्रीट लाइट्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एम.पी.आई.डी.सी. के अधिकारी को दिए हैं।



## खजरी इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क निर्माण के लिए उद्योगपतियों ने माना आभार

औद्योगिक क्षेत्र इमलीखेड़ा में पानी की समस्या के समाधान के लिए नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के अधिकारियों को सर्वे कर समस्या का यथासंभव समाधान निकालने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके लिए पंप हाउस को रिपेयर कराकर क्षेत्र के उद्योगपतियों को हैंड ओवर करने का भी सुझाव दिया हुआ। यहां इंटरनल इलेक्ट्रिसिटी की व्यवस्था के लिए नगर निगम को एस्टीमेट तैयार कर उद्योग विभाग के माध्यम से शासन स्तर पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए एक नियमित अंतराल के बाद कचरा गाड़ी भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सुकलुढाना में भी नगर निगम को सर्वे कर और पानी के लिए व्यवसाय बनाने के निर्देश दिए गए हैं। यहां लाइट और सफाई की समुचित व्यवस्था होना बताया गया।

इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्री सिंह ने औद्योगपतियों को नए उपलब्ध क्षेत्रों जैसे मक्का यूनिट, संतरा पल्प, केल आदि के क्षेत्र में भी कार्य करने और जिले में उपलब्ध विभिन्न उत्पादों की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## 'आज मनेगा विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस'

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आधार फाउंडेशन में आज शुक्रवार 21 मार्च 2025 के शुभ दिन विशेष समारोह में दोपहर 12:30 बजे से मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया जावेगा जिसमे जिले वासियों से सम्मिलित होने की अपील आयोजक आधार फाउंडेशन एवं सक्षम द्वारा की गई है। उक्ताशय की जानकारी दीपकराज जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।





## नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के अंतर्गत जनपद पंचायत अमरवाड़ा के सभागार में संचालित हुई कक्षाएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अमरवाड़ा में अभ्युदय नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस की शुरुआत की गई है, जिसका शुभारंभ सांसद श्री विवेक बंटी साहू और विधायक कमलेश प्रताप शाह के द्वारा 04 मार्च 2025 को किया गया था।

इसी क्रम में आज से जनपद पंचायत अमरवाड़ा के सभागार में प्रात: 7 से 9 बजे तक क्लासेस लगना प्रारंभ हो चुकी है। अभ्युदय नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस की पहली क्लास आज 19 मार्च 2025 को शुरु हुई, जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष अमरवाड़ा गणेश कंगाली द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई। नि:शुल्क कोचिंग के पहले दिन लगभग 60 छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत अमरवाड़ा जयदेव शर्मा, बीईओ अविनाश दीक्षित, एन टी कांति भूरिया, बीआरसीसी श्री वर्मा सहित कई शिक्षक उपस्थित थे। नि:शुल्क कोचिंग क्लासेसे के अंतर्गत एमपी पीएससी, ईएसबी, व्यापम, एसएससी, रेलवे, टीईटी आदि सभी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी कराई जा रही है।

## रासेयो ने गौरैया दिवस पर लगाया सात दिवसीय शिविर

**परासिया, देशबन्धु।** पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परासिया की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में गौरैया दिवस के अवसर पर सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को गौरैया के बारे में जानकारी दी गई।



इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गौरया चिड़िया की यह प्रजाति विलुप्त होते जा रही है। जिसे बचाने के लिए जरूरी प्रयास करना होगा। कार्यक्रम अधिकारी ममता कराड़े ने शिविर में 7 दिनों तक होने वाले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन रैली निकाली जाएगी और सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। इसके अलावा स्वच्छता कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य संबंधी शिविर भी लगाए जाएंगे। शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य स्वर्ण कुमारी सिंह, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गुन्हेरे एवं श्रीमती जावरे उपस्थित थी।

### सार-समाचार

## सांसद ने कहा, उभेगांव के विकास में रुपए की कमी नहीं होगी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उभेगांव के विकास कार्यो में रूपयों की कमी नहीं होगी, उभेगांव मेरे दिल में बसता है, जब मैं किसी पद पर भी नहीं था तब भी मैंने उभेगांव में कई विकास कार्यो के लिए लाखों रूपये दिलवाये थे, जिसका मैं आज लोकार्पण कर रहा हूँ। आगे भी यहां निरंतर विकास कार्य कराये जाएंगे। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने उभेगांव में लाखों के निर्माण कार्यो के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में विगत दिनों सौ दिवसीय सेवा संकल्प नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया था। जिसका शुभारंभ भी उभेगांव से ही हुआ था। पिछले जनप्रतिनिधियों ने उभेगांव के विकास में कोई ध्यान नहीं दिया। वे सिर्फ चुनाव के समय ही यहां पर आये और चले गये, चुनाव जीतने के बाद उन्होंने यहां मुड़के भी नहीं देखा। मुझे चुनाव जीते नौ दस माह ही हुए है और मैं यहां तीसरी बार आया हूँ।



### इन कार्यो का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

इस दौरान सांसद श्री साहू ने उभेगांव में 8 लाख 25 हजार की लागत से तैयार आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया। वहीं 8 लाख 83 हजार की लागत से बनने वाले आंगनवाड़ी भवन व शौचालय निर्माण का भूमिपूजन, 3 लाख 12 हजार की लागत से बनने वाली 100 मीटर सड़क का भूमिपूजन, 24 लाख 84 हजार की लागत से बनने वाले तालाब का भूमिपूजन, जनसहयोग से बनने वाले राम मंदिर के निर्माण का भूमिपूजन, उभेगांव में ही बोर खनन एवं पाईप लाईन विस्तार का भूमिपूजन, आंगनवाड़ी भवनों में हैंडवॉश एवं प्याऊ का शुभारंभ एवं स्मार्ट फिश पार्लर भवन निर्माण का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर ग्राम उभेगांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ संतोष पटेलए दिनेशकांत मालवी, मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, युवा नेता अजय सक्सेना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, गोविंदराम पटेल राजना, जनपद सदस्य अबिंका गेनसिंह वानखेड़े, राजकुमार अहिरवार, कमलनाथ चौरे, साक्षी गोलू चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष राजेश रघुवंशी, सरपंच सुनीता सुनील डेहरिया, पूर्व सरपंच करिया पटेल, बूथ अध्यक्ष संजय ठाकरे, ओम नारायण साहू, श्याम बंदेवार, सुरेश जैन, रामभरोस वानखेड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश जैन, भूतपूर्व उपाध्यक्ष गोपाल रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## दो लोगों को उपचार के लिए मिली आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने आर्थिक रूप से कमजोर दो मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्वेच्छानुदान निधि से 70 हजार की आर्थिक सहायता दिलाई है। उक्त सहायता मिलने से दोनों मरीजों का अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए उनकी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर बीमारी के लिए आर्थिक सहायता हेतु निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तत्काल ही पत्र प्रेषित कर मरीजों को आर्थिक सहायता दिए जाने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने चांदामेटा वार्ड क्रंमाक 14 निवासी पवन पिता कैलाश अहिरवार को 30 हजार एवं सिंगोड़ी के ग्राम लछुआ निवासी नेहा सूर्यवंशी को 40 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। उक्त राशि स्वीकृत होने पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

# स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई।



इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर और प्रभावी ढंग से किया जाए ताकि लाभार्थियों को समय पर सुविधाएं मिल सकें।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, सिविल सर्जन डॉ. नरेश गोन्नाडे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.एन. साहू, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अर्चना कैथवास, एस.एन.सी.यू. नोडल अधिकारी डॉ. अशु लंबा, जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी डॉ. प्रमोद वासनिक, उप जिला स्वास्थ्य मीडिया अधिकारी यशोदा वाघमारे एवं सभी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी तथा विकासखंडों के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीएम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ. हेमन्त छेकर तथा सीडीपीओ उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी रजिस्ट्रेशन और उनमें एनीमिया की पहचान पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए ताकि उनकी गर्भावस्था के दौरान सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर प्रदान की जा सकें।

उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के मामलों की प्राथमिकता से पहचान की जाए और उनके उचित उपचार की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में पोषण ट्रैकर के डेटा को नियमित रूप से अपडेट न करने के पर चौरई सीडीपीओ को कलेक्टर श्री सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर का डेटा समय पर अपडेट होना अत्यंत आवश्यक है ताकि बच्चों और महिलाओं की पोषण स्थिति पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के वजन, लंबाई और पोषण स्तर की नियमित जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाए।

## भारतीय स्टेट बैंक ने आधार फाउंडेशन के दिव्यांगों को दी 32 सीटर मिनी बस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत दिव्यांगजनो के पुनर्वास एवं चिकित्सा हेतु समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन पोआमा छिंदवाड़ा को भारतीय स्टेट बैंक की कृषि वाणिज्यिक शाखा एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय छिंदवाड़ा के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक प्रधान कार्यालय भोपाल के द्वारा विशेष समारोह में फोर्स कंपनी की 32 सीटर मिनी बस प्रदान की गई।

मानव सेवा का यह नेक कार्य भारतीय स्टेट बैंक नेटवर्क वन एवं स्थानीय प्रधान कार्यालय भोपाल से पधारे मुख्य प्रबंधक कुंदन ज्योति के द्वारा संजय श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, भारतीय स्टेट बैंक, छिंदवाड़ा एवं रामकिशोर दुबे मुख्य प्रबंधक कृषि वाणिज्यक शाखा, भारतीय स्टेट बैंक, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा के हस्ते बस की चाबी सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक समाजसेवी एवं आधार फाउंडेशन के संरक्षक दीपक राज जैनए आधार फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं संचालक सरिता बिलासपुर पांडेए संस्थापक इंजीण् महेश किन्थ के साथ विशेष शिक्षिका एवं थैरेपिस्ट बिंदु यादवए सुमित्रा पवार और आधार फाउंडेशन में शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनों को प्रदान की और महाप्रबंधक एसबीआई भोपाल कुंदन ज्योति ने बस को हरी झंडी दिखाई कर रवाना किया।

इस समाज सेवा के अनुकरणीय कार्य हेतु आधार फाउंडेशन की ओर से भोपाल से पधारे महाप्रबंधक ज्योति के साथ छिंदवाड़ा से श्री श्रीवास्तव एवं श्री दुबे का प्रशस्ति पत्र देकर अभिनंदन कर आधार परिवार एवं समस्त दिव्यांग बच्चों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



## यूएनडीपी की कार्यशाला का समापन आज



## घर आंगन में फुदकने वाली गौरैया को बचाने के प्रयास जरूरी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बिना साधन के खेल खेलते हुए नेतृत्व क्षमता के गुण सीखने का कार्य कर रहे है राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक। ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी छिंदवाड़ा की एन.एस.एस. इकाई के विशेष सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन रासेयो के स्वयं सेवकों ने बिना साधन के खेल खेले एवम इससे नेतृत्व क्षमता के गुण सीखने को मिला । सभी स्वयं सेवक टीम भावना से कार्य करते हुए अलग-अलग समूह में बांटकर खजरी, लोहार ढाना, कृष्णा नगर, गाडरीढाना सहित झुग्गी बस्तियों में लोगो को शांति सदभाव एवम भाई चारे से जीवन यापन करने को कहा। स्वयं सेवकों ने कहा की कैंप के माध्यम से नेतृत्व क्षमता एवम व्यक्तित्व विकास के गुण ये सभी कार्य करने से अपने आप आ जाते हैं।

बौद्धिक चर्चा में कार्यक्रम अधिकारी एवम पर्यावरण विद विनोद तिवारी ने सभी को विश्व गौरैया दिवस पर कहा की आज समय घर आंगन में फुद्कने बाली नन्हा पक्षी गौरैया पक्षी अब विलुप्त होने के कगार में है। पहले कौआ गायब हो गया अब नन्हा फ्रेंडली रहने बाला पक्षी गौरैया चिड़िया गायब होने के कगार पर है आज हम सभी संकल्प ले की इन्हे बचाने के लिए अपने अपने घरों के आंगन में एक छत पर दाना पानी एवम उनके रहवास हेतु वर्ड हाऊस बनाकर उनका जीवन बचाएंगे।

इस अवसर पर सभी रासेयो के स्वयं सेवकों ने एवम रासेयो सहायक अभिषेक विश्वकर्मा, आशीष साहू, नीता स्वामी, उमा उईके, शिवानी एवम सुनंदा धुर्वे सहित अन्य उपस्थित जनों ने संकल्प लिया की हम सभी आज विश्व गौरैया दिवस पर उन्हे संरक्षण प्रदान करने अपना पूरा प्रयास करेगे और दूसरो को भी नही गौरैया चिड़िया बचाने जागरूक करेगे। सभी ने गौरैया सहित अन्य पक्षी के पोस्टर दिखाकर शपथ ली।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी ने कहा की यह रासेयो इकाई का विशेष सात दिवसीय शिविर दिनाक 17 से शुरू हुआ है जो 23 मार्च 2025 तक विभिन्न अलग-अलग समाजसेवा की गतिविधि संचालित करेगा। रासेयो शिविर में श्रमदान कार्य सहित घरों के सर्वे कार्य एवम फिट इंडिया के तहत लोगो को स्वस्थ रहने नियमित ध्यान, व्याम सहित खान पान अपनी दैनिक दिनचर्या को संतुलित बनाने हेतु जानकारी प्रदान की जा रही है।

